हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 अक्टूबर 2024

04 10 महीने बाद भी जिला अस्पताल में रिटायर...



07 युवा उत्सव में प्रतिभाओं ने दिखाया अपना हुनर





## खबर संक्षेप

### 6 दिव्यांगजनों को निजी क्षेत्र में मिला रोजगार

**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा कालेज में जिला रोजगार कार्यालय एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 6 दिव्यांग बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया। मेले में जिला रोजगार अधिकारी डॉ एबी खान एवं धर्मेश तिवारी द्वारा रोजगार मेला में विशेष अहम भूमिका निभाई गयी एवं जिला पॉलिटेक्निक प्राचार्य डॉ. पी.सी नरवरे, आर.आर. चंद्राकर एवं सामाजिक न्याय विभाग से संजय गौर एवं अन्य कर्मचारी आयोजन में उपस्थित हुये।

### आईआईएम के छात्रों ने गांव में किया अध्ययन

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले के केसला एवं नर्मदापुरम विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र में आईआईएम इंदौर से अध्ययन सह भ्रमण पर आये छात्रों के द्वारा ग्राम में 4 दिवस के प्रवास एवं भ्रमण के दौरान स्व सहायता समूह का आजीविका गतिविधियों के माध्यम से सशक्तिकरण, उद्यमिता विकास, रोजगार की संभावनाएं एवं टेक होम राशन प्लांट की संवहनीयता विषय पर अध्ययन किया गया।

### सुपर 100 योजना, छात्रों के लिए सुनहरा अवसर

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुपर 100 योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग और अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभाशाली छात्रों को जेईई, नीट और क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना है। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने बताया कि शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल एवं शासकीय मल्हार आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदौर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लिए चयनित छात्रों को 2 वर्षीय कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। इस दौरान छात्रों को आवास, भोजन, शिक्षण एवं कोचिंग की निःशुल्क व्यवस्था शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

### जिले के किसान खेतों की नरवाई न जालाएं

**नर्मदापुरम।** रबी फसलों के लिए किसानों को समय से उत्तम उर्वरक और बीज मिलना सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में सभी उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। डीएपी के समान ही एनपीके गुणवत्ता युक्त है। इसमें फसलों के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्व हैं। किसान नरवाई ना जलाएं, सुपर सीडर का उपयोग करें। प्रदेश में कहीं भी खाद, बीज का अवैध भंडारण, कालाबाजारी अथवा अमानक विक्रय न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन विक्रय के लिए किसानों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### किसानों ने कलेक्टर से मिलकर कहा, मुआवजा और बीमा राशि दी जाए

# मौसम की मार से किसान परेशान कई क्षेत्रों में जमीन पर गिरी धान

जिले में इस वर्ष वर्षा तो अच्छी हुई और इसकी वजह से पैदावार भी अच्छी हुई। लेकिन मानसून के अंतिम सप्ताह में तेज हवाओं और बारिश की वजह से धान की फसल आड़ी पड़ गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में कई स्थानों पर बारिश से खेतों में पानी लग गया है। सबसे ज्यादा धान की फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों की मेहनत बेकार होती दिख रही है। अगर मौसम का रुख इसी तरह रहा तो किसानों को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। सिवनी, इटारसी, बाबई सहित डोलरिया के कई गांव में आई तेज आंधी और बारिश की वजह से फसल बर्बाद हो गई। बारिश के बीच तेज हवा ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस विषय को लेकर भारतीय किसान संघ और राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने कलेक्टर से मुलाकात की है।

**खास बातें**

- बीमा क्लेम दिए जाने की मांग
- किसानों को तुरंत मुआवाजा दिए जाने की मांग
- 2 लाख 29 हजार हेक्टेयर पर धान बोनी का लक्ष्य था, जो पूरा नहीं हुआ



### बारिश के बीच तेज हवा ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया

बारिश के बीच तेज हवा ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के किसान बहुत अरमान से धान की खेती करते हैं। इस वर्ष पर्याप्त बारिश से धान की फसल बहुत अच्छी हुई है, लेकिन हवाओं के साथ बारिश से धान की फसलें गिर गईं। इस तरह से किसानों के अरमानों पर पानी फिर गया। किसान सुदीप केवट,, हेमराज रैकवार, सुधीर ठाकुर का कहना है कि तेज हवा एवं आंधी से धान की फसल खेतों में बिछ गई हैं। भारतीय किसान संघ जिलाध्यच देवेंद्र पटेल ने बताया खराब मौसम के कारण जिले के कई क्षेत्रों में हुई बारिश से धान की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई है। कहीं पर लहलहाती बालियां तेज हवाओं के कारण जमीन से चिपक गई है। दोबारा हुई बारिश ने दूसरी समस्या खड़ी कर दी। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण फसलें भी काफी नष्ट हो चुकी हैं। पटेल ने बताया कि शुक्रवार को कलेक्टर से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है। कलेक्टर से मांग की गई है कि सबसे पहले किसानों को मुआवजा राशी तत्काल दी जाए। इसके अलाचा फसल बीमा का पैसा भी जल्छ से जल्द दिलाया जाए। जिससे किसानों को कुछ राहत मिल सके। इसके अलावा डीएपी और यूरिया नहीं मिलने की भी शिकायत कलेक्टर से की गई है। इसपर कलेक्टर ने किसानों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

### *आरबीसी 64 के तहत जल्द मिले मुआवजा*

*किसान संघध्यक्ष पटेल ने बताया कि आरबीसी 6-4-2008 एक परिपत्र है, जिसके तहत राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाती है। इसका मकसद तात्कालिक आर्थिक सहायता देना होता है। इसके तहत किसानों को 15 दिवस के अंदर अंदी मुआचजा दिया जा सकता है। जिससे किसानों को फोरी राहत मिल सकती है। इस ओर कलेक्टर को ध्यान देना चाहिए।*

**इनका कहना है**

कुछ क्षेत्रों में तेज हवा और बारिश के कारण धान की फसल प्रभावित होने की सूचना मिली है। इस सबंध में राजस्व अमला जांच के बाद ही बता पाएगा कि कितने् प्रतिशत नुकान हुआ है।

**जेआर हेड़ाऊ, उपंचाल कृषि नर्मदापुरम**

### आरटीओ ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

## 35 वाहनों पर 50 हजार से अधिक की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना के दिशा निर्देश अनुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार तथा शनिवार को पचमढ़ी तथा बनखेड़ी में बसों के साथ साथ अन्य वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बसों की सीटों, अग्नि शमन यंत्र, मेडिकल बांस, आपातकालीन खिड़की, अधिक किराया, ओवरलोडिंग आदि के अलावा वाहनों के दस्तावेजों, चालक परिचालक के लाइसेंस, वर्दी आदि की जांच की गई। वर्मा ट्रेवल्स की यात्री बस यात्री सुविधाओं को पूरा करती नहीं पर जाने पर बस पर चालानी कार्यवाही की गई तथा चालक को शीघ्र बस की कमियों को पूरा करने की चेतावनी आरटीओ अधिकारी द्वारा दी गई। दो दिवसीय कार्यवाही सुबह से रात तक चली।

जांच में लगभग 200 वाहनों की जांच में 35 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 50,600 रुपए के चालान काटे गए तथा अन्य 2 वाहनों को जप्त कर थाने में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों के दस्तावेजों को पूर्ण करवाकर ही वाहनों का संचालन करें, जांच दल में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के साथ समस्त जांच टीम मौजूद रही।

### मार्च तक जिला हर घर नल जल होगा घोषितः सचिव

**नर्मदापुरम।** पीएचई विभाग के सचिव पी नरहरि ने बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रही जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जल जीवन मिशन में फंड की कोई कमी नहीं है। प्रदेश के 51 जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एफएचसीटी के तहत कार्य किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि मार्च 2025 तक हम नर्मदापुरम जिले को हर घर जल घोषित करायें। नरहरि ने कहा कि नर्मदापुरम, हरदा एवं भिंड जिला जल्द ही शत प्रतिशत हर घर जल घोषित होंगे। सभी सहायक यंत्रियों को निर्देश दिये कि वे नलजल के तहत घरों में शत प्रतिशत एफएचसीटी कर के नल जल योजना पूर्ण कर ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करें।

## महंगाई राहत नहीं मिलने से पेंशनर्स ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के पेंशनर्स को महंगाई राहत नहीं दिए जाने से पेंशनर्स में काफी असंतोष एवं आक्रोश है। केन्द्र सरकार ने पेंशनर्स के लिए 5 प्रतिशत महंगाई राहत की घोषणा की है। वहीं छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार ने भी 50 प्रतिशत महंगाई राहत की घोषणा की है। परन्तु मध्य प्रदेश की सरकार ने अभी तक महंगाई राहत की घोषणा नहीं करने से पेंशनर्स अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में भारत पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने बताया की भारत पेंशनर्स समाज ने बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक ज्ञापन देकर महंगाई राहत के आदेश करने का आग्रह किया है। आदेश न होने की स्थिति में क्रमिक आंदोलन किया जायेगा।

भारत पेंशनर्स समाज प्रधानमंत्री को सामुहिक पत्र लिख कर प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करेगी। बैठक में पेशनर्स समाज के डा एलएल शर्मा, नित्यगोपाल कटारें, यूएस श्रोती, विजय सिह राठौर, गिरी मोहन गुरू, राजेन्द्र ठाकुर, गीता प्रसाद शर्मा, एमएल वर्मा, डीएस चौहान, वायएन शर्मा, हरिसिह सोलंकी, केसी दुवे, जेपी यादव, आरके पांडे उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को सशक्त, अनुशासित और स्वावलंबी बनाती है एनसीसी : चटर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अनुशासन, साहस, चरित्र निर्माण, निस्वार्थ सेवा, आदर्श और राष्ट्रभक्ति का दूसरा नाम है एनसीसी। डॉ. आशीष चटर्जी, डायरेक्टर छात्र–छात्राओं में इन गुणों के विकास के उद्देश्य को सफल करने हेतु स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी की गर्ल्स विंग का शुभारंभ हुआ। विद्यालय में बॉयज एनसीसी विंग पिछले अनेक वर्षों से कार्यरत है और अब बहुप्रतीक्षित गर्ल्स विंग भी प्रारंभ हो गई। शुभारंभ के साथ ही 5 एमपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल दिनेश कनौजिया के निर्देशन में सूबेदार विजय कुमार माली एवं हवलदार ज्योतिबा पाटिल ने नवीन गर्ल्स विंग हेतु छात्राओं की शारीरिक व लिखित परीक्षा आयोजित कराई जिसमें उत्तीर्ण छात्राओं का चयन नवीन गर्ल्स विंग में हुआ। सभी चयनित छात्राओं को डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी ने राष्ट्र भक्ति, समाज सेवा व स्वयं के व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से सशक्त राष्ट्रनिर्माण का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्राओं को एनसीसी विंग प्रारंभ होने की बधाई दी। चयन प्रक्रिया में एनसीसी इंचार्ज शेख कमर एवं केयर टेकर दीपिका शर्मा ने बटालियन के दल का सहयोग किया। इस अवसर पर विघालय प्राचार्य मोना चटर्जी ने कहा की एनसीसी के माध्यम से उन्हें व्यक्तित्व निर्माण का अवसर मिलेगा।

## आयुर्वेद दिवस 29 को मनेगा जिले में होंगे आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आयुर्वेद दिवस का आयोजन धन्वंतरि जयंती 29 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। आयुर्वेद नवाचार - थीम पर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ विमला गढ़वाल ने समस्त आयुष संस्थाओ मे आयुर्वेद दिवस पर गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रम करने के निर्देश प्रभारियों को दिए है। इसके अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति आयुर्वेद का समग्र दृष्टिकोण, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के लाभ, महिलाओं के लिए आहार और जीवन शैली संबंधित जानकारी दी जाएगी।

## युवा उत्सव कार्यक्रम में कॉलेज की प्रतिभाओं ने दी सुमधुर स्वर में गायन की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



होमसाईंस कॉलेज में युवा उत्सव के चतुर्थ दिवस को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में एकल गायन शास्त्रीय, समूह गायन भारतीय, एकल गायन पश्चात्य, समूह गायन पाश्चात्य, एकल गायन सुगम, वादन परकुषन, वादन नान परकुषन, एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य शास्त्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगीत एवं नृत्य से निराशा और अवसाद दूर होता है। संगीत एक उपासना है। प्रतियोगिताओं में संगीत विभागाध्यक्ष प्रेमकांत कटंगकार करने अपना सक्रिय, सहयोग प्रदान किया।

### मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**नर्मदापुरम।** आगामी त्योहारों की दृष्टिगत कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित विभिन्न मिठाई, खोवा, नमकीन के प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की गई 19 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार एवं जितेंद्र सिंह राणा द्वारा बनखेड़ी स्थित कुशवाहा दूध डेयरी मजले स्वल्प आहार सदन बीकानेर मिष्ठान भंडार आदि मिठाई दुकानों की जांच की गई। साथ ही गुणवत्ता जांच हेतु पनीर, खोवा, रसगुल्ला, कलाकंद, बर्फी और मिठाइयों के 10 नमूने लिए गए इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न किराना परिसरों की भी जांच की गई।

## शहर के समेरिटंस स्कूल में मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर एक महारानी न होकर सच्ची लोकसेवक थीं। इतिहास में संभवतः वे इकलौती ऐसी शासक थीं, जिनके जनकल्याणकारी कार्य अपने राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं थे। उन्होंने अपने राज्यकाल के दौरान समूचे देश में एक समान विकास कार्य कराए। इसीलिए वे अपने समकालीन और पूर्ववर्ती शासकों से एकदम अलग और विलक्षण थीं। यह बात समेरिटंस स्कूल सांदीपनी परिसर में सुबह की प्रार्थन सभा में प्रमोद शर्मा ने पुण्य श्लोका माता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कही। वे एक संवेदनशील शासिका होने के साथ ही कुशल रणनीतिकार, साहसी योद्धा और दूरदर्शी व्यक्तित्व की स्वामिनी थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बनारस, पुरी, द्वारिका, सोमनाथ, रामेश्वरम, बद्रीनाथधाम सहित अन्य स्थलों पर मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ ही धर्मशालाएं आदि बनवाई। कार्यक्रम में डायरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, राजेंद्र रघुवंशी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 44 आवारा मवेशी पकड़ाए शहरी सीमा से किया बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नागरिकों को सुरक्षा हेतु आवारा मवेशियों को नगर सीमा से लगातार बाहर किया जा रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों से 44 आवारा मवेशियों को नगर सीमा से बाहर किया गया है। यह कार्रवाई लगातार की जा रही है। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी है। बैंक कालोनी, कालिका नगर और मीनाक्षी चौक सहित होमगार्ड आफिस तथा अन्य स्थानों से 44 आवारा पशुओं को पकड़कर नगर सीमा से बाहर किया गया है। साथ ही आवारा पशुओं को छोड़ने वाले मालिकों को समझाइश दी जा रही है।

### बाजारों में महिलाओं ने की जमकर खरीदारी



## अपने सुहाग की सुरक्षा व दीर्घायु के लिए नारी शक्ति आज करेंगी करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदाचंल में महिलाओं के सुहाग की रक्षा व दीर्घायु के लिए करवा चौथ पर्व रविवार को मनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस पर्व को लेकर महिलाओं में बेहद उत्साह व उमंग का माहौल है। इस पर्व के उपलक्ष्य में महिलाओं द्वारा रखे जाने व्रत व सोलह श्रृंगार को लेकर महिलाओं ने बाजारों में खरीददारी की। करवा चौथ के एक दिन पहले बाजारों में खूब रौनक देखने को मिल रही है। शहर के बाजारों में सुबह से ही महिलाएं, लड़कियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। चूड़ी, पूजा सामग्री और मिठाई के दुकानों पर भी पूरा दिन महिलाओं का आना जाना लगा रहा।



### *बाजार रहा गुलजार, जमकर हुई खरीदारी*

कारवाचौथ पर्व को मनाने के लिए शनिवार को नर्मदापुरम का ब्राजार गुलजार रहा शहर के बाजार में करवा चौथ, छलनी, दिये, पूजन सामग्री सहित सुहाग की सामग्री की खरीददारी के लिए दुकानों पर खासी भीड़ नजर आई तो वहीं कपड़ा और आभूषण की दुकानों पर भी महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। इसी तरह चौक चौराहों पर मेंहदी लगाने वाले कलाकारों के पास भी महिलाएं लंबी लाईन में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आई।

### *परंपराः सुहाग की रक्षा के लिए द्रोपदी ने रखा था व्रत*

*पौराणिक मान्यताओं के अनुसार करवां चौथ व्रत का विशेष महत्व माना गया है। किवदंती अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव की मंगल कामना के लिए करवां चौथ का व्रत धारण किया था। इसी तरह जब अर्जुन नीलगिरी पर्वत पर तपस्या के लिए जा रहे थे तब भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को अपने पति की सुरक्षा व दीर्घायु के लिए उक्त व्रत धारण कर माता पार्वती एवं भगवान शंकर की पूजा कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर व्रत पूर्ण करने के लिए कहा। द्रोपदी ने अपने सुहाग व दीर्घायु के लिए उक्त व्रत को धारण किया। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए समस्त नारी शक्ति करवाचौथ का निर्जला व्रत धारण कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर अपने पति की परछाई छलनी में देखकर व्रत पूर्ण करती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार रविवार को रात्रि 8 बजकर 8 मिनट पर चंद्रमा उदय होने के साथ ही महिलाओं द्वारा अपने व्रत को पूर्ण कर सकेंगी। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज महिलाएं अपने पति की रक्षा व दीर्घायु हेतु करवाचौथ पर्व एवं व्रत धारण कर रही हैं।*

## एसएनजी ग्राउंड में लगेगा त्यौहारी बाजारः नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी त्यौहारों को लेकर बाजार व्यवस्था से संबंधित शुक्रवार को नगरपालिका में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। त्यौहारी बाजार एसएनजी ग्राउंड में लगाए जाएंगे।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट ब्रजेंद्र रावत, प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी डॉ प्रशांत जैन, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, स्वास्थ्य सभापति रिचा जीतू तिवारी सहित पार्षदगण, उनके प्रतिनिधि एवं नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने निर्देश दिए कि त्यौहार पर लगने वाले बाजार को व्यवस्थित करने लगातार कार्रवाई कर फल सब्जी ठेले वालों को निर्धारित स्थान पर पहुंचाएं।

धनतेरस, दीपावली और ग्यारस के बाजार को व्यवस्थित रूप से लगवाना सुनिश्चित करें। सड़क पर किसी भी तरह का बाजार न लगे। यातायात व्यवस्था बाधित न हो इस बात का ध्यान रखा जाए।

## खबर संक्षेप

### बोरदेही में 58 लोगों ने किया रक्तदान

**बैतूल।** ग्राम बोरदेही में आरोग्य अनुसंधान वेलफेयर फउण्डेशन बैतूल एवं डॉक्टर जगन्नाथ यदुवंशी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में लोग आगे आए। बोरदेही जैसे ग्रामीण क्षेत्र में भी 58 ग्रामीणों ने अपने रक्त का दान किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पण्डाग्रे, जनपद अध्यक्ष गणेश यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ग्रामीण यशवंत यादव, महेश मर्सकोले, बी.एम.ओ. डॉ अशोक नरवरे, सरपंच सरिता साहू, डॉ अंकुर राठौर, टीआर सरसोदे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ यदुवंशी ने किया। यदुवंशी ने बताया कि जन-औषधी दूसरी दवाईयों की तुलना में काफी सस्ती मिलती है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए समय-समय पर शिविर लगाकर ग्रामीणों को इसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### धन्वंतरी जयंती पर मनेगा आयुर्वेद दिवस

**बैतूल।** आयुर्वेद दिवस का आयोजन धन्वंतरी जयंती, 29 अक्टूबर को जिला आयुष कार्यालय बैतूल द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तय वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार थीम पर आधारित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को आयुर्वेद और नवाचार के प्रति जागरूक करना और जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। आयुष संचालनालय, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार और कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इनमें विशेष रूप से आयुर्वेद और महिला स्वास्थ्य, आयुर्वेद नवाचार और उद्यमिता, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य कल्याण, विद्यार्थियों के लिए आयुर्वेद, और आयुर्वेदिक आहार से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम के लिए डॉ. मनक धुर्वे को नोडल अधिकारी और डॉ. अजय माण्डवे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कैंपस चलो अभियान सीएम को भेजे पोस्टकार्ड

**बैतूल।** एनएसयूआई ने अपने कैंपस चलो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं की प्रमुख मांगों को सरकार के सामने रखने के लिए अनोखा तरीका अपनाया है। संगठन प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेशभर से हजारों पोस्टकार्ड भेजे हैं, जिनमें छात्रों की विभिन्न मांगों को पूरा करने की अपील की गई है। इस अभियान के अंतर्गत एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जैद खान ने बताया कि यह कदम प्रदेश में उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने और छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के लिए उठाया गया है। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एनएसयूआई ने कई महत्वपूर्ण मांगों को उठाया है। इसके अलावा, एनएसयूआई ने यह भी मांग की है कि 3 लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी परिवारों के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाए। पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून लागू करने, छात्र संघ चुनाव इस सत्र से शुरू किए जाने की मांग की गई है। साथ ही, अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों के लिए छात्रावास की संख्या दोगुनी किए जाने की भी मांग उठाई गई है। निलेश धुर्वे, फैजान शेख, यश साहू, खेमराज मिश्रा, पंकज नागवंशी, अविनाश ठाकुर, कुणाल पिपरदे आदि उपस्थित रहे।

### मिठाई दुकानों से खाद्य विभाग ने लिए 12 सैंपल

**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल ने टीम के साथ ग्राम खेड़ी सांवलीगढ़ में स्थित होटल और दुकानों का निरीक्षण किया। प्रतिष्ठानों, दुकानों के लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की भी जांच की गई। 12 सैंपल भी लिए।

---

मरीजों को निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों से कराना पड़ रहा सोनोग्राफी

# 10 महीने बाद भी जिला अस्पताल में रिटायर रेडियोलॉजिस्ट की जगह नहीं हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिला अस्पताल बिना रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के संचालित हो रहा है, यहां जो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ थे, वे पिछले साल दिसंबर 2023 में रिटायर हो चुके है, तब से लेकर वर्तमान तक नये रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है।

जिस समय डॉक्टर के रिटायरमेंट की तिथि नजदीक थी, उसी समय अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग को आगह कर दिया था कि नये डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई तो मरीजों की सोनोग्राफी करने में दिक्कते होगी, मुश्किलें और बढेगी, लेकिन विभाग ने भी इस दिशा में ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अब जिला अस्पताल में पेट से संबंधित मरीजों की सोनोग्राफी नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल जिला अस्पताल में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ओपी यादव पिछले साल 31 दिसम्बर 2023 को रिटायर हो गए। रिटायरमेंट के 10 महीने बाद भी जिला अस्पताल में नए डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो सकी, जिससे अस्पताल में सोनोग्राफी का कार्य प्रभावित हो गया है।

केवल महिला डॉक्टर द्वारा इमरजेंसी में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है, इसके अलावा अतिरिक्त मरीजों की सोनोग्राफी जांच नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 500 से एक हजार से अधिक मरीज इलाज कराने आते है। ऐसे में डॉक्टर जिन्हें पेट संबंधी परेशानी है, उन्हें सोनोग्राफी कराने की सलाह देते है, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को शहर के प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ता है।

### शासन को कई बार कराया अवगत, नहीं हुई पदस्थापना

जिला अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग भोपाल को पत्र के माध्यम से कई बार रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की जानकारी दी। विभाग की तरफ से भी अभी तक कोई जवाब नहीं आया है कि कब तक डॉक्टर की पदस्थापना होगी। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर रिटायर होने वाले थे, उसके एक पखवाड़े पहले से ही पत्र जारी किया और डॉक्टर की मांग की थी। इसके बाद भी अनेको बार पत्राचार किया. किन्तु रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई है। जिससे लोगों के साथ-साथ डॉक्टरों की भी परेशानी बढ़ गई है कि वे मरीज के सही उपचार के लिए सोनोग्राफी नहीं करवा रहे है। बिना सोनोग्राफी के जांच करना या निजी सेंटरों से सोनोग्राफी करवाने की सलाह देना डॉक्टरों के लिए भी परेशानी का कारण बन गया है।

### गरीब मरीजों पर पड़ती है आर्थिक मार

जिला अस्पताल में निःशुल्क सोनोग्राफी की जाती है, लेकिन यहां डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को निजी सेंटरों पर सोनोग्राफी करवानी पड़ रही है। जिसमें सबसे अधिक आर्थिक मार गरीब वर्ग के मरीजों पर पड़ती है। जहां पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए उनको 800 से 900 रुपए चुकाना होते हैं। यही सोनोग्राफी जिला अस्पताल में निःशुल्क हो जाती थी। कई लोगों के पास रूपए नहीं होने पर सोनोग्राफी तक नहीं करवा पा रहे है। लेकिन अभी अस्पताल में नये रेडियोलॉजिस्ट को लेकर कोई ठिकाना नहीं है। कब तक नए डॉक्टर अस्पताल को मिलेगा, यह बताना भी अभी संभव नहीं है।

### अगले महीने फिर दो डॉक्टर हो रहे रिटायर

जिला अस्पताल से अगले महीने सिविल सर्जन डॉ. अशोक बारंगा और इंटीग्रेटेड पैथालॉजी लैब के इंचार्ज डॉ. डब्ल्यूए नागले रिटायर हो रहे हैं। जिसके बाद दो बड़े पद यानी सिविल सर्जन और इंटीग्रेटेड पैथालॉजी लैब इंचार्ज के पद रिटायरमेंट के बाद 30 नवंबर को खाली हो जाएंगे। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्था और गडबड़ा सकती है। सीएमएचओ डॉ रविकांत उडके ने बताया कि जो पद खाली हो रहे हैं उनके वैकल्पिक इंतजाम करने प्रयास किए जा रहे हैं। शासन को भी इस संबंध में लिखा है। वर्तमान में जिला अस्पताल की इंटीग्रेटेड पैथालॉजी लैब में 12 कर्मचारियों का स्टाफ है। पैथालॉजी लैब के संचालन के लिए पैथालॉजी में स्नातकोत्तर की डिग्री होना जरूरी है। इंटीग्रेटेड पैथालॉजी लैब के इंचार्ज डॉ. डब्ल्यूए नागले ने बताया कि शासन की ओर से ही व्यवस्थाएं की जाएंगी हम क्या कर सकते हैं। वैसे लैब के संचालन के लिए फिलहाल कोई भी स्नातकोत्तर पैथालॉजी की डिग्री वाला कर्मचारी नहीं है।

### इनका कहना है

शासन के निर्देशानुसार शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं की सोनाग्राफी की जा रही है। रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की जानकारी शासन को बार-बार पत्र भेजकर अवगत कराई जा रही है, लेकिन अभी तक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। जिसके कारण अन्य मरीजों की सोनाग्राफी नहीं कर पा रहे है।

**डॉ. अशोक बारंगा,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, बैतूल

---

## बैतूल बाजार पुलिस ने की

# छात्राओं को बाइक पर लिफ्ट देकर छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल बाजार पुलिस ने नाबालिग बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 18 अक्टूबर को थाना बैतूल बाजार में अज्ञात मोटर साइकिल वाहन चालक द्वारा नाबालिग बालिकाओं को लिफ्ट देने के बहाने उनसे साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत प्राप्त हुई।

बैतूल बाज़ार पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान की। मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर 24 घंटे के भीतर आरोपी अंकित पवार पिता उदल पवार उम्र 30 साल निवासी डहरगांव थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर घटना के दौरान उपयोग की गई मोटर साइकिल भी जब्त की गई।

### पुलिस अधीक्षक की नागरिकों से अपील

पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार और बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या घटना सामने आती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, और इसमें समाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नाबालिगों से संबंधित अपराधों में त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस सदैव तत्पर है, लेकिन इसके लिए समय पर जानकारी मिलना महत्वपूर्ण है। पुलिस अधीक्षक ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में जागरूक करें और उन्हें समझाएं कि किसी भी प्रकार की अनुचित घटना पर वे बेझिझक अपने माता-पिता या पुलिस से संपर्क करें। झारिया ने कहा, वे कानून व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के साथ सहयोग करें।

### पानी के टैंक में गिरा मासूम, मौत


बैतूल। शनिवार सुबह डेढ़ साल के बच्चे की पानी के टैंक में डूबने से मौत हो गई। घटना मोहदा थाना इलाके के धामदेही की है। यहां डेढ़ साल का मासूम इंकेश पिता मुकेश धुर्वे सुबह करीब घर में खेल रहा था और खेलते-खेलते आंगन में बने पानी के टैंक के पास पहुंच गया। टैंक में झांकने लगा और गिर गया। इस दौरान बालक की मां खाना बनाने में व्यस्त थी। जैसे ही मां ने बच्चे के पानी में गिरने और उसके रोने की आवाज सुनी तो वह टैंक की तरफ दौड़ कर पहुंची, लेकिन तब तक मासूम 3 फीट गहरे टैंक में डूब गया। जिससे वो बेसुध हो गया। परिजनों ने बच्चे को टैंक से निकाला और निजी वाहन के जरिए डेढ़ घंटे का सफर तय कर जिला अस्पताल पहुंचे।

---

जिले की नगर व ग्राम रक्षा समिति शामिल हुईं

# अपराधों पर अंकुश लगाने नगर रक्षा समिति के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/भौरा



जिला मुख्यालय बैतूल में सामुदायिक पुलिसिंग शाखा के मार्गदर्शन में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम, लैंगिक, संवेदनशील एवं सुरक्षा के लिए, जिम्मेदार मर्दानगी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जिले की नगर व ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को सामाजिक न्याय, सुरक्षा तथा जेंडर आधारित हिंसा के रोकथाम हेतु जागरुक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुंवर सिंह मुकाती नर्मदापुरम संभाग एवं दिनेश कुमार मर्शकोले द्वारा किया गया साथ ही साथिया वेलफेयर सोसाइटी से स्मृति शुक्ला, राजेंद्र गढ़वाल उपस्थित रहे। मुख्य प्रवक्ता द्वारा प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं महिलाओं व बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम एवं कोई भी अपराध घटित ना हो इसके लिए पुलिस, सामाजिक संस्थाओं व नगर/ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को मिलकर प्रयास करना होगा। इसके साथ ही उद्बोधन में स्मृति शुक्ला जी द्वारा बताया गया कि सामुदायिक पुलिसिंग का मतलब है अपराधों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं इसके लिए ग्राम एवं नगर रक्षा समिति अपने ग्राम एवं नगर में महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम के लिए अपने घर से ही इस अभियान की शुरुआत करें। प्रशिक्षण में साथिया वेलफेयर सोसाइटी से स्मृति जितेन्द्र प्रजापति एवं राहुल जाधव प्रशिक्षक के तौर पर शामिल हुए अलग अलग प्रकार की हिंसाओं को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया।

### बेटे ने पिता का पीटा अस्पताल में भर्ती

**बैतूल।** एक नशेडी पुत्र ने अपने पिता की पिटाई कर दी। पिटाई से पिता को चोटे आई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तुका बारस्कर (60 वर्ष) निवासी ग्राम प्रभुढाना अपने घर में ही था, इसी दौरान बुजुर्ग का छोटा बेटा शराब के नशे में घर पहुंचा और अपने ही पिता से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि पुत्र, पिता के साथ हाथापाई तक उतर गया। इसके बाद बुजुर्ग के बेटे ने शराब के नशे में लकड़ी से जमकर अपने ही पिता के साथ मारपीट कर दी। जिसमें बुजुर्ग पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद जैसे ही इसकी जानकारी बाकी परिजनों को लगी, परिजन बुजुर्ग को प्राइवेट वाहन की से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

---

न्यायिक विभाग को आवंटित जमीन के रास्ते का विवाद

# रास्ता बंद करने से वार्डवासियों में आक्रोश, किया चक्काजाम

## वैकल्पिक मार्ग देने के आश्वासन पर माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रास्ता बंद करने के विरोध में शनिवार को बैतूल के अर्जुन वार्ड, तुलसी नगर के लोगों ने बैतूल-आमला मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक लोगों ने प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईश दी, प्रशासन ने लोगों को वैकल्पिक मार्ग देने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद लोगों ने चक्काजाम खत्म किया। आरोप है कि अर्जुन वार्ड, सुभाष वार्ड, तुलसीनगर और हमलापुर आने जाने वाले पुराने आवागमन मार्ग को बैरिकेट्स लगाकर बंद कर दिया गया है। वार्डवासियों ने बताया कि यह मार्ग लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से एम्बुलेंस, स्कूल बस, फायर ब्रिगेड, पानी टैंकर और अन्य आपातकालीन सेवाओं का सुचारु संचालन होता है। इस रास्ते पर न्यायिक अधिकारियों के बंगले हैं। यहां एक बोर्ड लगा दिया गया है। जिस पर चेतावनी दी गई है कि यह भूमि न्यायिक विभाग को आवंटित है। यह आम रास्ता नहीं है। इसके अलावा मार्ग पर बेरिकेट लगाकर इसे बंद करने का प्रयास किया गया है, जिससे लोगों में आक्रोश नजर आ रहा है। इधर, मौके पर मौजूद एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव ने लोगों को आश्वासन दिया कि रास्ते की समस्या का समाधान निकाला जायेगा।

---

## किसानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

# चोपना क्षेत्र में मोटर पंप फीडर का विस्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

चोपना क्षेत्र के बंगाली और जनजातीय समाज के सैकड़ों किसानों ने मोटर पंप फीडर के विस्तार की मांग उठाते हुए क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जनसिंह उईके को आवेदन सौंपा है।


जनपद सदस्य प्रदीप विश्वास के नेतृत्व में किसानों ने यह ज्ञापन दिया, जिसमें खेतों तक स्थाई विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की अपील की गई है, ताकि किसानों की सिंचाई लागत में कमी आ सके और उन्हें अस्थाई कनेक्शन की समस्याओं से निजात मिले। किसानों ने बताया कि वर्तमान में किसानों को अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेने के लिए 12, हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं। साल में दो बार यह कनेक्शन लेने पर किसानों को कुल 24 हजार रुपये का खर्च उठाना पड़ता है। ये किसान तालाबों और नालों से सिंचाई करते हैं क्योंकि उनके पास निजी कुएं नहीं हैं। जनपद सदस्य प्रदीप विश्वास ने बताया, अगर खेतों तक मोटर पंप फीडर का विस्तार किया जाता है, तो किसानों को केवल 6 हजार रुपये में स्थायी कनेक्शन मिल सकेगा, जिससे सिंचाई की लागत में भारी कमी आएगी और किसानों का आर्थिक बोझ कम होगा। आवेदन में क्षेत्रीय किसानों ने बिजली विभाग से अपील की है कि मोटर पंप फीडर का विस्तार खेतों तक किया जाए।

---

# भौरा बाजार में सांडों की लड़ाई से बाजार में मची भगदड़

## सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहन सांडों की चपेट में आकर गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा



साप्ताहिक बाजार के दौरान अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब दो आवारा सांडों ने मुख्य बाजार की सडक़ पर भिड़ंत शुरू कर दी। शाम के समय बाजार में खरीदारी के लिए आई भीड़ देखते ही देखते अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगी। सांडों की लड़ाई इतनी खतरनाक थी कि कई दोपहिया वाहन, जो सडक़ किनारे खड़े थे, सांडों की चपेट में आकर गिर पड़े। सांडों के बीच जारी इस लड़ाई ने 10 मिनट तक मुख्य सडक़ पर आवागमन पूरी तरह से रोक दिया। लोग अपने वाहन छोडक़र भाग गए, जिससे बाजार की सडक़ों पर जाम लग गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि यह पहला मौका नहीं है जब आवारा सांडों ने इस तरह से बाजार की शांति भंग की हो। हमेशा कुछ न कुछ घटना होती रहती है, लेकिन इस बार सांडों की लड़ाई ने लोगों को काफी देर तक परेशान रखा। महिला, जो साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने आई थी, भी गिर गई। स गनीमत रही थी महिला को चोटे नहीं आई।

### इनका कहना

हमने ग्राम में अलाउंस कर दिया है कि सभी पशु मालिक अपने जानवरों को बांध कर रखें। अन्यथा पशुओं को कांजी हाउस में बंद किया जाएगा। जिसका जुर्माना पशु मालिकों से वसूला जाएगा।

**- मीरा धुर्वे,** सरपंच, ग्राम पंचायत भौरा

### *आवारा पशुओं की समस्या बनी सिरदर्द .......*

*भौरा नगर में आवारा पशुओं की समस्या गंभीर होती जा रही है। बाजार और मुख्य सडक़ पर बैठे पशु अक्सर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आवारा पशुओं को लेकर पंचायत कोई ठोस कदम नहीं उठा रही जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।*

### *पंचायत पर उठे सवाल ........*

*नागरिकों का आरोप है कि ग्राम पंचायत आवारा पशुओं को पकडने की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे सडक़ों पर इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। दुकानदारों और राहगीरों ने नगर प्रशासन से तुरंत आवारा पशुओं के लिए स्थायी समाधान की मांग की है। एक दुकानदार ने कहा, हमारा व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, और प्रशासन की निष्क्रियता से हमें निराशा हो रही है। अगर जल्द ही समाधान नहीं निकाला गया तो, बाजार में ऐसे हादसे होते रहेंगे।*

---

## मंदिर प्रबंधन ने भोजन और पूजन का किया इंतजाम, गुजरात से आए पंडित कराएंगे पूजा

# वाटरप्रूफ डोम में आज बालाजीपुरम में मनेगी सामूहिक करवा चौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



हर साल की तरह इस साल भी रविवार 20 अक्टूबर को बालाजीपुरम में करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें इस बार 500 से अधिक जोड़े शामिल होने की उम्मीद है। रविवार 20 अक्टूबर को होने वाले इस आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

भारत के पांचवें धाम श्री रुक्मिणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में करवा चौथ पर सामूहिक पूजन के साथ सामूहिक भोज का आयोजन भी रविवार को किया गया है। पूर्णतः निशुल्क इस आयोजन में सभी दंपत्तियों को आमंत्रित किया गया है। भारत के पांचवें धाम श्री रुक्मिणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में सामूहिक करवा चौथ का आयोजन बीते काफी वर्षों से निरंतर हो रहा है। इस आयोजन के संबंध में बालाजीपुरम के प्रमुख पुजारी असीम पंडा स्वामी के अनुसार शाम 6 बजे से भगवान बालाजी की संध्या आरती शुरू होगी। इसके बाद शाम 7 बजे से बालाजीपुरम मंदिर प्रांगण में बने भक्त निवास के सामने वाटरप्रुफ टेंट में सामूहिक पूजन का कार्यक्रम होगा। समय पर उपस्थित होने वाली सभी महिलाओं को पूजन सामग्री पूर्णतः निशुल्क दी जाएगी। इस पूजन में पति-पत्नी दोनों का आना अनिवार्य है। असीम पंडा स्वामी ने बताया कि सामूहिक पूजन के लिए गुजरात से पंडितों का दल बैतूल आ चुका है। इसके साथ ही पूजन और सामूहिक भोज की तैयारियां भी पूर्ण हो चुकी हैं। रविवार को चन्द्रोदय भी इस वर्ष 8 बजे तक हो जाएगा। चन्द्रमा को अर्घ्य चढ़ाने के बाद परंपरा अनुसार पति अपनी पत्नी के लिए थाली सजाकर लाएंगे और व्रत के बाद पहला कौर खिलाएंगे। सभी दंपतियों के सामूहिक भोज के साथ ही शेष श्रद्धालुओं को भी भोजन प्रसादी दी जाएगी। बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने सभी दंपतियों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### *महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए रखेंगी करवा चौथ का व्रत*



*भौरा। नगर की महिलाओं रविवार को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा, जो पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने तैयारियों को जोर-शोर से पूरा कर लिया है। साज-सज्जा और परंपरागत पूजा की सामग्री की खरीदारी बीते दिनों से ही जारी रही, वहीं करवा चौथ की सजीवता बाजारों में भी देखी गई। मेहंदी लगाने से लेकर पारंपरिक परिधानों तक, महिलाओं ने हर एक पहलू पर खास ध्यान दिया है। इस व्रत को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखा जा रहा है। व्रत की शुरुआत सूर्योदय से पहले सर्गी खाने से होगी, जिसके बाद वे पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगी। शाम को चांद के दर्शन के बाद पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा जाएगा। इस दिन को खास बनाने के लिए अनेक महिलाएं सामूहिक रूप से भी पूजा करेंगी, जहां कथा सुनाई जाएगी और करवा चौथ के पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया जाएगा। भौरा नगर में रोशनी,ज्योति, प्रिया, दीपिका, पूजा जैसी कई महिलाओं ने बताया कि यह व्रत उनके लिए अत्यधिक श्रद्धा और प्रेम का प्रतीक है। वे इसे हर साल मनाती हैं और इसका पालन पूरी आस्था और समर्पण के साथ करती हैं। इस दिन की खास पूजा में करवा चौथ की कथा सुनना, मिट्टी के करवे में जल भरना और पति की लंबी उम्र की कामना करना शामिल है। स्थानीय बाजार में पूजा की सामग्री जैसे करवा, सिन्दूर, चूड़ियां, कपड़े और मिठाइयों की खासी मांग रही। दुकानदारों ने बताया कि महिलाओं ने इस बार भी खास जोश के साथ करवा चौथ की खरीदारी की।*

# महान गायक किशोर दा की पुण्य तिथि पर कलाकारों ने दी सुमधुर तरानों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

हर दिल अज़ीज स्वर्गीय किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर माखननगर लायंस क्लब के तत्वाधान में ₹एक शाम किशोर कुमार के नाम द्वारा श्रद्धांजलि दी गई , साथ ही प्रसिद्ध उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा जी को भी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। सरस्वती पूजन के उपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष सोहागपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक विजय पाल सिंह ने शहर की सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं को सम्मानित किया। इटारसी से आए कलाकार मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिन्हें सुनकर श्रोतागण भी थिरक उठे, राकेश दुबे के शानदार संचालन ने सब का मन मोह लिया। मुंबई से सुन्दर वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के आयोजक संजय वर्मा अध्यक्ष लायंस क्लब एवं दीपक वर्मा को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## विधायक विजयपाल सिंह ने सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया





# करवा चौथ मनेगी आज, सुहाग की रक्षा के लिए मातृशक्ति रखेंगी निर्जला व्रत, बाजार हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रविवार को करवा चौथ मनाया जाएगा। करवा चौथ पर्व के लिए बाजार गुलजार है और विगत दो दिन से बाजार में पूजन सामग्री के साथ श्रंगार सामग्री, उपहार आदि की खरीद के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है।

करवा चौथ के लिए श्रंगार, मेहंदी, पूजा और व्रत से जुड़ी सामग्री की खरीदारी हुई और देर रात तक मेहंदी लगवाने के लिए होड़ रही। त्योहारी सीजन के शुरुआती पर्व करवा चौथ पर दुकानों में इतनी उमड़ी भीड़ रही कि दुकानदारों को फुर्सत नहीं मिली। जयस्तंभ चौक, तुलसी चौक के आसपास करवा चौथ की पूजन सामग्री की दुकानें लगीं तो पटवा लाइन में श्रंगार सामग्री और अन्य सजावटी सामग्री की दुकानों पर खासी भीड़ में महिलाओं ने खरीदारी की।



महिलाओं ने करवा, कैलेंडर, सुहाग सामग्री, सजावटी चलनी, थाली, पीतल का लोटा, सीक, साड़ियां आदि सामान खरीदा। इसके अलावा किराना, मिष्ठान, फल, ड्राइफ्रूट आदि दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ रही। करवा चौथ के पवित्र त्यौहार को लेकर शहर के कपड़ा, सराफा, पटवा लाइन और मिठाइयों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ है।करवा चौथ की पूर्व संध्या पर आज शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं बाजार में पहुंची।

## नर्मदांचल के कालेजों में विभिन्न विधाओं में विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

# युवा उत्सव में प्रतिभाओं ने दिखाया अपना हुनर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नर्मदांचल के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को तराशने के लिए प्रतिवर्षानुसार इस बार भी युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति देकर अगली स्पर्धा के लिए अपना स्थान हासिल किया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

शास.महाविद्यालय बनखेड़ी में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। प्राचार्य डा. सतीश पिपलौदे के निर्देशन में अजीत कार्यक्रम में विद्यार्थी हर्षोल्लास से हिस्सा ले रहे हैं। प्रथम दिवस महाविद्यालय स्तर पर रूपांकन पक्ष की विभिन्न विधाओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन युवा उत्सव प्रभारी डॉ सविता शिवहरे ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान मेहरा द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। डॉ जगत सिंह बामनिया द्वारा विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। रंगोली प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत विषय पर प्रभारी डॉ. सुहाना गुप्ता ने संपन्न कराई। रंगोली स्पर्थ में प्रथम अंजली ठाकुर बीए थर्ड ईयर, द्वितीय भूमिका ठाकुर बीए थर्ड ईयर, तृतीय स्थान निकिता मेहरा ,अनामिका पटेल बीए थर्ड ईयर को संयुक्त रूप से दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. राजेंद्र पटेल ने स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता विषय पर संपन्न कराई। जिसमें प्रथम संतोषी मेहरा थर्ड ईयर, द्वितीय सुहानी साहू बीए थर्ड ईयर, तृतीय स्थान हेमवती अहिरवार बीए थर्ड ईयर रहीं। स्पॉट पेंटिंग प्रभारी डॉअजय कौशिक मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटक स्थल विषय पर संपन्न कराई जिसमें प्रथम स्थान संतोषी मेहरा का रहा।

क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता प्रभारी डॉं जगत सिंह बामनिया ने भारतीय संस्कृति के विविध संदर्भ में संपन्न कराई जिसमें प्रथम स्थान हेमवती अहिरवार थर्ड ईयर की छात्रा रही।कार्टून निर्माण प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. आशीष बिल्लौरे ने सोशल मीडिया एक जीवन का आधार₹ विषय पर कराई जिसमें प्रथम स्थान अंजली ठाकुर बीए थर्ड ईयर। द्वितीय स्थान संतोषी मेहरा बीए थर्ड ईयर का रहा। कोलार्ज प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ नंदलाल पटेल एवं अनूप साहू द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर कराई गयी इसमे प्रथम स्थान हेमवती अहिरवार बीए थर्ड ईयर, द्वितीय स्थान संतोषी मेहरा का रहा। कार्यक्रम में कार्यालय स्टाफ से दीपक उईके, संदीप सोनी, देवेंद्र विश्वकर्मा, सुनील मेहरा, बृजेश राय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### युवा उत्सव में कॉलेज की खिलाड़ियों ने दी प्रस्तुति



**पचमढ़ी।** आज शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी के क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल के मार्गदर्शन में वंशिका राजपूत बीए द्वितीय वर्ष ने शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मालवा में आयोजित जिला स्तरीय टेबल टेनिस (महिला वर्ग) प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें महाविद्यालय से अपनी कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के आधार पर ट्रायल मैच में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम प्रतियोगिता में कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा विजेता एवं कन्या महाविद्यालय इटारसी की टीम उपविजेता रही। वंशिका का संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु चयन सुनिश्चित हुआ। प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने वंशिका राजपूत की इस उपलब्धि पर बधाई एवं आगे की प्रतियोगिताओं हेतु शुभकामनाएं दीं।

### कोलाज, क्ले मॉडलिंग,गायन,वादन, शास्त्रीय संगीत के साथ समापन



**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में युवा उत्सव गीत संगीत के साथ संपन्न हुआ। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये कार्यक्रम की प्रतियोगिताएं सफलता के लिए अंतिम नहीं हैं बहुआयामी शिक्षा व्यवस्था में जीतने के अनेक अवसर हैं। कोशिश लगातार करते रहें। युवा उत्सव प्रभारी व जिला समन्वयक डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने युवा उत्सव को युवाओं के चहुंमुखी विकास का माध्यम बताया। उन्होंने दो दिवसीय उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता सभी के सहयोग और समर्पण से ही संभव है। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता 'भारतीय संस्कृति के विविध आयाम' थीम पर हुई। जिसमें मनोज टेकाम प्रथम, मनोज कीर द्वितीय, शांति माझी तृतीय। कोलाज प्रतियोगिता में शिवम सैनी प्रथम, अक्शा खान द्वितीय, रोहन तृतीय, वादन प्रतियोगिता में प्रथम आदित्य चौहान प्रथम यश मालवीय द्वितीय, वादन में रोशन चौहान प्रथम, सौरभ सराठे द्वितीय नानक महिपाल तृतीय, शास्त्रीय एवं पाश्चात्य गायन, भारतीय समूह गायन में तनिष्का समूह प्रथम, आदित्य समूह द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### युवा उत्सव का हुआ शुभारंभ

पिपरिया। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया जिसमें प्राचार्य डॉक्टर राज पटेल द्वारा विद्यार्थियों को युवा उत्सव में आयोजन की शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। युवा उत्सव में प्रथम दिवस अकाल शास्त्री नृत्य समूह नृत्य प्रश्न मंच कोलाज और क्ले मॉडलिंग विधाओं का आयोजन किया इन विधाओं में तुलसी रश्मि अहिरवार निकिता हर्षित यादव खुशी व्यास वंशिका रोहित सोलंकी दुर्गा सुरभि दामिनी प्राची खुशी पियूष शिवानी संजय अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता दी निर्णायक के रूप में अलका ठक्कर डॉ रश्मि पटेल कविता नामदेव कनक राज एलएन मालवी डॉक्टर राकेश या उपस्थित रहे। आने वाले दो जनों में गायक स्टेट मूंग अभिनय पोस्ट निर्माण रंगोली एवं अन्य साहित्य गतिविधियों का आयोजन किया गया सभी विधाओं के परिणाम अंतिम दिन घोषित किए जाएंगे प्रश्न मंच में विद्या प्रभारी राकेश दिलावर प्ले मॉडलिंग में अरुण सिंह नृत्य में किटी मोर सफल मंच संचालन कुमारी किटी मोर के द्वारा किया।

# लैब की गुणवत्ता की होगी जांच देरी का बताना होगा कारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्माणधीन लैब की गुणवत्ता की जांच होगी साथ ही ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में लग रहे अधिक समय के संबंध में भी पूछताछ की जाएगी। वाजिद कारण न होने की स्थिति में ठेकेदार पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है। उक्त संबंध में अनुविभगीय अधिकारी असवन राम चिरामन ने सीबीएमओ संदीप केरकेट्टा से जानकारी ली एवं ठेकेदार को समक्ष उपस्थित होने के मौखिक आदेश दिए।

ज्ञात हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्व सुविधायुक्त लैब निर्माणाधीन है जिसकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगते आ रहे हैं।

ठेकेदार द्वारा प्लंथ को मिट्टी से भरा गया था। अमानक तरीके से रेत गिट्टी सीमेंट का मसाला तैयार किया गया था। यहां तक की पूरे निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार के पास पानी की कोई व्यवस्था नहीं रही हॉस्पिटल से पानी लेकर उपयोग किया जा रहा है। जिसका विद्युत व्यय हॉस्पिटल के हिस्से में आ रहा है। उक्त आपत्तियों पर सोमवार को ठेकेदार एसडीएम के समक्ष अपनी सफाई प्रस्तुत करेंगे।

### जनशिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद हुआ आयोजित



**माखननगर।** राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार शनिवार को जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांगाखेड़ा कला का शैक्षिक संवाद एकीकृत माध्यमिक शाला गोरा में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय के 35 शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता सुनिश्चित की। शैक्षिक संवाद के इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के साथ जनप्रतिनिधि शांति/अशोक कीर (सरपंच ) द्वारा की गई।जिला शिक्षा केंद्र से एपीसी,एकेडमी श्री प्रदीप चौहान ने पूरे समय उपस्थित रहकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

# 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विहिप के मान बंधन, पथ संचलन व सभा कार्यक्रम तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी प्रखंड इटारसी की 23 अक्टूबर को होने वाले मान बंधन, पथ संचलन एवं सभा को लेकर द्वितीय संयुक्त बैठक भरत मंदिर सूरजगंज में हुई जिसमें विहिप जिलाध्यक्ष डॉ सुभाष दुबे ने सभी मातृशक्ति बहनों को मिनट टू मिनट कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने एवं जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया। जिला संयोजिक तरुणा सोनी ने सभी के मध्य कार्य विभाजित कर जवाबदारी तय की।

नगर संयोजिका अनिता तिवारी ने सभी से अनुशासन में रहने की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनूप तिवारी, नगर अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनुरुद्ध चंसौरिया, संतोष शर्मा, नगर मंत्री यश शर्मा, नगर संयोजक बजरंग दल संदीप यदुवंशी, संदीप चौरे, नीतू साहू, अर्चना सतपुते, डॉली सांकरिया, आरती मालवीय, अंजलि नागेश, कुसुम मेहरा, नंदिनी चौहान आदि कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति बहने उपस्थित रहीं।

# भाजपा का दूसरे चरण का सदस्यता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भाजपा के द्वारा पिपरिया विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक नगर पालिका अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं को 50000 सदस्य बनाने का लगभग का लक्ष्य दिया गया था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 56 000 सदस्य बन चुके हैं।

दूसरे चरण की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें खापरखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। सदस्यता के दौरान विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल पूर्व जिला सतर्कता समिति अरविंद राय किस जिला महामंत्री पवन बालिया राहुल पुरवइया के द्वारा संबोधन किया गया जिसमें बताया गया कि प्रत्येक सक्रिय सदस्य के लिए कम से कम 100 सदस्य बनना अनिवार्य है अब ऑफलाइन सदस्य बनाए जाएंगे जिनके फॉर्म भरे जाएंगे। बैठक का आयोजन कर दूसरी रणनीति सदस्यता अभियान को लेकर तय की गई।



# मंगल भवन निर्माण के लिए विधायक ने दी राशि, सामाजिक सदस्यों ने व्यक्त किया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय समाज द्वारा विधायक विजयपाल से सौजन्य भेंट कर अभिनंदन पत्र देकर उनका आभार व्यक्त किया, विधायक द्वारा कुशवाहा मौर्य समाज को कुशवाहा मंगल भवन के लिए 10 लाख रूपये की राशि प्रदान की थी। ग्राम करनपुर मे कुशवाहा समाज का मंगल भवन बनकर पूर्णता की ओर है बहुत जल्दी भवन का लोकार्पण होने जा रहा है, विधायक विजयपाल सिंह से भेंट करने कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय समाज के संस्थापक एवं संरक्षक आर. के. कुशवाहा, संभागीय अध्यक्ष रविशंकर कुशवाहा जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा, के साथ जिला सचिव राजेश मौर्य, एवं अन्य पदाधिकारीगण अशोक कुशवाहा, राजेश कुशवाहा (गुंजन ड्रेसेस ), धर्मेंद्र कुशवाहा, अंतिम कुशवाहा नर्मदा कुशवाहा, द्वारका प्रसाद, रमेश कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, अजय कुशवाहा, प्रेम शंकर कुशवाहा बोदी, संतोष कुशवाहा बहार पुर, गोपाल शंकर कुशवाहा, सुरेन्द्र पटेल, राहुल कुशवाहा, एवं अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित थे। विधायक द्वारा भवन निर्माण कार्य एवं गतिविधियों को लेकर सदस्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भवन निर्माण कार्य के लिए आगे भी राशि प्रदान की जायगी राशि की कोई कमी नहीं आने दी जायगी। सभी सामाजिक सदस्यों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।



# सीएम राइज स्कूलों में जादू नहीं विज्ञान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर के सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के द्वारा माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में विकासखंड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें ब्लॉक के विभिन्न विद्यालय के प्रतिभागियों ने विज्ञान नाटिका प्रदर्शन एवं प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रम में भाग लिया। प्रचार संजीव दुबे उप्राचार्य अल्पना श्रीवास्तव ने सभी को अंधविश्वासों से दूर रहने एवं समाज में जागरूकता लाने हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन के बाद किया गया जन्म सर्वश्रेष्ठ प्रथम पांच स्थानों पर प्रिंस केवट अरुण मेहरा कुसुम कर आदित्य एवं यशमणि कर का चयन हुआ जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों को ट्रॉफी पेन एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं अन्य सभी को भी पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए प्रश्न मंच में प्रिंस केवट अरुण मेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किय।

कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति रही जिसमें स्वल्पाहार फल वितरण किया गया निर्णायक ममता साहू सुनीता चौधरी मुकेश सराठे मार्गदर्शन गोपाल धाकड़ सुरेश पटेल अर्चना शर्मा शिवानी सप्रे आईएस मेहरा सचिन पूर्णिया कुलदीप आदि उपस्थित रहे मंच का संचालन मनीष जैन शिक्षक के द्वारा किया गया।

### जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने मारी बाजी



सेमरी हरचंद। समग्र शिक्षा सेकेंडरी एजुकेशन 2024 25 अंतर्गत समाज मैं फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र की मंशानुसार सी एम राइस स्कूल सोहागपुर में आयोजित जादू नहीं विज्ञान कार्यक्रम में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद के छात्रों हर्ष नामदेव एवं निखिल कुमरे ने छोटे-छोटे वैज्ञानिक प्रयोग कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया शाला की प्राचार्य शीला चौधरी से पूछने पर उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष जादू नहीं विज्ञान कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों को भेजा जाता है पिछले वर्ष भी बालक उच्चतर माध्यमिक शाला सेमरी हरचंद के छात्रों द्वारा जादू नहीं विज्ञान की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया था इस वर्ष भी रसायन शास्त्र की अध्यापिका महिमा बौरसिया के निर्देशन में विद्यालय के छात्र हर्ष नामदेव एवं निखिल कुमरे ने जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## श्रीरामलीला का प्रभावी मंचन जारी

# लंका पर विजय प्राप्त कर सीता समेत पुष्पक विमान से श्री राम पहुंचे नंदीग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

लंका में रावण का अंत करके भगवान राम ने भरत की प्रतिज्ञा को याद करते हुए की 14 वर्ष से एक भी अधिक होने पर यदि राम नहीं पहुंचे तो भारत अपना जीवन समाप्त कर लेंगे ,सीता लक्ष्मण एवं अपने वानर वीरों के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या के पास नंदीग्राम पहुंचे जहां भरत अधीर होकर भगवान श्री राम का वनवास समाप्त होने की प्रतीक्षा कर रहे थे नंदीग्राम में दोनों भाइयों का मिलन हुआ रामलीला की योजना अंतर्गत नगर के सांगा खेड़ा रोड स्थित खेड़ापति मंदिर पर नंदीग्राम बनाया गया था जहां से रथ पर सवार होकर राम सीता लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न अयोध्या पहुंचे भरत-मिलाप की लीला के कारण नगर को अयोध्या की तरह सजाया गया था। सेमरी हरचंद में अनेक वर्षों से चली आ रही रामलीला के मंचन में भारत मिलन एवं राम राज्याभिषेक की लीला विशेष महत्वपूर्ण होती है जिसमें भारत मिलाप की लीला के मंचन के दिन नगर को अयोध्या की तरह सजाया जाता है पीपल चौक से रामलीला मैदान तक सड़क पर स्थित समस्त दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों को सजाते हैं रामलीला समिति द्वारा सजाई गई दुकान संचालकों को पुरस्कृत किया जाता है ग्रामवासी भरत मिलाप एवं राम राज्य अभिषेक की लीला के दिन अपने-अपने घर मिठाई ले जाते हैं एवं परिवार के सदस्यों को मिठाई खिलाते हैं रामलीला के अंतिम दिन भजनों का आयोजन किया गया जिसमें महावीर भजन मंडल सोयत, हरि मंडल रडाल, नागराज मंडल इटारसी, मां वैष्णो मंडल सिंगोडी, भजन मंडल ढाबा कला एवं ग्रामीण क्षेत्र के भजन मंडलों द्वारा भगवान के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।



## खबर संक्षेप

### पिता की स्मृति में राशि का किया दान

**रहटगांव।** प्रहलाद गौर, आदेश गौर, विजय गौर द्वारा उनके पिताजी जगदीश प्रसाद गौर (पूर्व सरपंच) की स्मृति में 21 फलदार पौधों का वितरण किया। इसके साथ ही कामधेनु गौशाला धनपाडा नवीन भवन हेतु दो पंखे, खेड़ापति मातामैया रहटगांव को 2100, राम जानकी मंदिर 1100, खेड़पति हनुमान मंदिर खेड़ी मोहल्ला रहटगांव 1100, गायत्री शक्ति पीठ महेंद्रगाँव कन्या भोजन हेतु 2100, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रामेश्वर कालोनी मंदिर निर्माण के लिए 5100, गौर समाज ग्राम ईकाई रहटगांव को 1100 रुपये दान दिया।

### कैंपस ड्राइव 21 को

**हरदा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में 21 अक्टूबर को डीईटी पोस्ट के लिए ओपन कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ने बताया कि कैम्पस ड्राइव में वर्ष 2022, 2023 व 2024 में मेकेनिकल, इलेक्ट्रानिक व इलेक्ट्रीकल में डिप्लोमा उत्तीर्ण कर चुके छात्र सम्मिलित हो सकते हैं।

### तम्बाकू बेचने वाले 18 दुकानदारों पर 3200 रुपए का जुर्माना

**हरदा।** जिले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अधिकारियों की टीम लगातार स्कूल कॉलेजों के आसपास भ्रमण कर तम्बाकू के उत्पाद बेचने वाले दुनानदारों पर कार्यवाही कर रही है। कार्यक्रम के नोडल डॉ. पीयूष दोगने ने बताया कि शुक्रवार को हरदा सिटी कोतवाली थाना और स्वास्थ विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से चालानी कार्यवाही कर 18 दुकानदारों पर 3200 रूपय जुर्माना वसूल किया। टीम ने शासकीय शिक्षण संस्थानों के पास तम्बाकू बेचने वालो पर जुर्माना लगाया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष दोगने व थाना हरदा की टीम उपस्थित थी।

### बोरवेल मशीन पर काम करते व्यक्त युवक नीचे गिरा, मौत

**हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र के बाजनिया गांव में शुक्रवार शाम बोरवेल मशीन पर काम कर रहा युवक नीचे गिर गया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते हुए युवक की मौत हो गई। युवक के शव का शनिवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार खंडवा जिले के रोशनी थाना क्षेत्र के सेमलिया में निवासी नवल पिता भाऊ कोरकू, बोरवेल मशीन संचालक के पास काम करता है। शुक्रवार को वो बाजनिया गांव में बोरिंग करने गई मशीन पर काम कर रहा था। इस दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे रखे पाइप पर गिर गया। अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत गिरने से युवक के सिर में गंभीर चोट आ गई और खून बहने लगा। घटना के बाद तत्काल उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उसका का एक बेटा और दो बेटियां हैं।

### पवन एक्सप्रेस में बेहोशी की हालत में मिला युवक, नहीं बची जान

**बुरहानपुर।** पवन एक्सप्रेस ट्रेन से नासिक से बिहार जा रहे एक युवक की शुक्रवार रात में अचानक तबीयत बिगड़ी। सूचना मिलने पर बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रूकने पर युवक को जीआरपी पुलिस ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। शनिवार दोपहर 12 बजे युवक का बुरहानपुर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। जीआरपी चौकी एसआई सुरेश सिंह कुशवाह ने बताया शुक्रवार रात पवन एक्सप्रेस से एक युवक को बेहोशी की हालत में उतारा। वह इटारसी की तरफ जा रहा था। जनरल कोच में बैठा था। रेलवे कर्मचारियों द्वारा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। शनिवार दोपहर उसका पोस्टमार्टम कराया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### सचिव पी.नरहरि ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# नवंबर माह के अंत तक 'हर घर नल से जल' का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव पी.नरहरि ने शनिवार को हरदा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि नवंबर माह के अंत तक हर हाल में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल का लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करें। बैठक में संभाग आयुक्त नर्मदापुरम संभाग के. जी. तिवारी, कलेक्टर आदित्य सिंह, प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के के सोनगरिया तथा मुख्य अभियंता आर के हिरोडिया के अलावा जिला पंचायत की सीईओ सविता झानिया तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी मौजूद थे।

सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरहरि ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि युद्ध स्तर पर कार्य कर जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना से हर परिवार के घर में शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना में धनराशि की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जिला पंचायत की सीईओ झानिया को जल जीवन मिशन की प्रगति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत मध्य प्रदेश के बुरहानपुर एवं निवाड़ी दो जिले के शत प्रतिशत परिवार नल से जल प्राप्त कर रहे हैं। इस क्रम में अब तक की प्रगति के आधार पर हरदा जिला प्रदेश का तीसरा जिला संभावित है। बैठक में बताया गया कि हरदा जिले के कुल 458 ग्रामों में लगभग 229 करोड रुपए की पेयजल योजनाएं संचालित हैं। जल जीवन मिशन के तहत हरदा जिले के 97564 परिवारों में से 82195 परिवारों के घर में नल से जल हेतु कनेक्शन दिया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य का 84.25 प्रतिशत है। अब शेष परिवारो को अगले 40 दिनों में कवर किया जाना है, ताकि 30 नवंबर तक हरदा जिले का प्रत्येक ग्रामीण परिवार नल से जल प्राप्त कर सके।

संभाग आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने-अपने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं जनपद पंचायत के उप यांत्रियों एवं सहायक यात्रियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण करने में लगाएं, ताकि 30 नवंबर तक हरदा जिला शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में हरदा जिला जल जीवन मिशन में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल है। कमिश्नर तिवारी ने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल योजनाओं के कारण जहां-जहां सड़क खोद दी गई है, उन्हें तत्काल रिपेयर करवाएं, ताकि ग्रामीणों को परेशानी ना हो। उन्होंने नल जल योजना के पाइपों की अंडरग्राउंड फिटिंग कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बैठक में बताया कि जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा नियमित रूप से जिले में की जा रही है, तथा समय-समय पर पेयजल योजनाओं के निरीक्षण के लिए दौरे भी नियमित रूप से किया जा रहे हैं। उन्होंने सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरहरि और कमिश्नर तिवारी को आश्वस्त किया कि हरदा जिला प्रशासन की टीम 30 नवंबर तक दिए गए लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी।

### छात्र को जमानती नोटिस दिया

## शिक्षिका से छेड़छाड़ और हमला नौवी कक्षा के छात्र पर केस दर्ज




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा**

नगर में एक नौवी कक्षा के छात्र द्वारा शिक्षिका से छेड़छाड़ और सिर पर पत्थर मारने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद घायल शिक्षिका ने तीन दिन अस्पताल में इलाज कराया, जिसके बाद थाने पहुंचकर छात्र के खिलाफ छेड़छाड़ और हमला करने का केस दर्ज कराया। शिक्षिका के सिर में चार टांके आए हैं।

पुलिस ने छात्र को जमानती नोटिस दिया है। 23 वर्षीय शिक्षिका ने बताया कि 14 अक्टूबर की शाम को जब वह स्कूल से घर लौट रही थीं, तभी छात्र ने उन्हें रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। शिक्षिका ने तुरंत अपने पिता को बुलाया, लेकिन छात्र ने उनके और उनके पिता के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद जब वे छात्र के परिजनों से शिकायत करने गईं, तो छात्र ने पत्थर मारकर उनके सिर को घायल कर दिया। शिक्षिका का आरोप है कि इस घटना के पीछे एक दूसरी कोचिंग संचालिका का हाथ है। पीड़िता ने बताया कि उसकी कोचिंग बेहतर चलने के कारण दूसरी कोचिंग संचालिका उनसे ईर्ष्या करती है। उसने कई बार विवाद किया और धमकाया भी था। शिक्षिका का मानना है कि उसी संचालिका ने छात्र को उकसाकर इस घटना को अंजाम दिलवाया। बाल कल्याण समिति ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी छात्र ने पुलिस में शिकायत की थी कि टीचर और उसके पिता ने उससे मारपीट की है, लेकिन पुलिस ने केवल एक पक्षीय कार्रवाई की। समिति ने टीचर और उनके पिता के खिलाफ भी मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। मोघट रोड थाना टीआई धीरेश धारवाल ने बताया कि आरोपी छात्र नाबालिग है और उसे जमानती नोटिस दिया गया है। बाल कल्याण समिति के आदेश पर भी कार्रवाई की जा रही है।

## दोस्तों को बचाने के प्रयास में डूबा युवक, सुक्ता नदी में नहाने गए थे

**खंडवा।** सुक्ता नदी में नहाने गए तीन दोस्तों की मस्ती दुखद हादसे में बदल गई, जब 20 वर्षीय अमन वानखेड़े ने अपने दो दोस्तों को डूबने से बचाया, लेकिन खुद डूबकर जान गंवा दी।



घटना शनिवार दोपहर करीब दो बजे ठिठिया जोशी के पास सुक्ता नदी में हुई। राज पिता सोहन (22), रवि पिता लालसिंह राजपूत (23), और अमन पिता अमर वानखेड़े (20) शनिवार को पार्टी मनाने के इरादे से छुट्टी पर निकले थे। नहाने के दौरान राज और रवि गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए अमन ने बिना सोचे-समझे पानी में छलांग लगा दी और उन्हें किनारे तक सुरक्षित पहुंचा दिया, लेकिन खुद पानी के भंवर में फंस गया। स्थानीय लोगों ने अमन को बचाने की पूरी कोशिश की और उसे पानी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### तीनों दोस्त पेट्रोल पंप पर थे कार्यरत

राज, रवि, और अमन लालचौकी स्थित पेट्रोल पंप पर वर्कर थे, जहां से उनकी दोस्ती शुरू हुई थी। वे शनिवार को पार्टी के लिए इकट्ठा हुए थे, लेकिन पार्टी करने के बजाय उन्होंने सुक्ता नदी में नहाने का प्लान बनाया, जो उनके लिए दुखद साबित हुआ। अमन की मौत से परिवार और दोस्तों में शोक की लहर है। वह न केवल एक बहादुर और निस्वार्थ दोस्त था, बल्कि अपने साथियों के लिए जान की बाजी लगाकर मिसाल भी कायम कर गया।

### संदीप पटेल पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**हरदा।** शनिवार को हरदा इंड्रस्ट्रीज एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए जिसमें पूर्व अध्यक्ष संदीप पटेल पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जानकारी देते हुए इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सचिव अभय जैन ने बताया कि हरदा इंड्रस्ट्रीज एसोसिएशन के निर्वाचन संपन्न हुए। जिसमें गत तीन वर्षों से सफलता पूर्वक एसोसिएशन का कार्य करते हुए एसोसिएशन को आगे लाने वाले पुर्व अध्यक्ष संदीप पटेल पर एसोशिएशन के सभी सदस्यों ने अपना विश्वास व्यक्त करते हुए पुनः सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्वाचित किया है। वहीं उपाध्यक्ष नटवर पटेल एवं बाबू भाई, सचिव अभय जैन, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सहसचिव योगेश पटेल तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश पटेल, दिलीप पटेल निर्वाचित किये गए। सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए पुष्पहार से अभिनंदन कर मिठाई खिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप पटेल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरदा इंड्रस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्य प्राथमिकता के साथ करवाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

## अखिल भारतीय 35वीं कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित देश भर से आए 651 खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

विद्या भारती प्रतिष्ठान की अखिल भारतीय 35वीं कबड्डी प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन पर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने विजेता टीमों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने विजेता टीमों के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि जो टीम और खिलाड़ी आज विजेता नहीं रहे हैं वह आगे भविष्य में और अधिक मेहनत करें,ताकि भविष्य में वह भी विजेता रह सके। इस तरह की प्रतियोगिताओं में देश के कोने कोने में छिपी प्रतिभाओं को विकसित करने का सुअवसर प्राप्त होता हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन में शामिल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को निरंतर परिश्रम और चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में देश भर के कुल 10 क्षेत्रों से 288 छात्र तथा 283 छात्राओं सहित कुल 571 खिलाड़ी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री पटेल ने इस अवसर पर कहा कि खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए तभी वह विजेता बन सकते हैं। यह कबड्डी प्रतियोगिता तीन वर्गों किशोर वर्ग, तरुण वर्ग और बाल वर्ग में संपन्न हुई।

#### यह रहे विजेता

*प्रतियोगिता के संयोजक विभुतिदास ने पूरे देश से आये 651 प्रतिभागियों की कबड्डी प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि अंडर 14 भैया में उत्तर पूर्व क्षेत्र ने और बहनों मे पूर्वी उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंडर 17 भैया में उत्तर क्षेत्र और बहनों में पश्चिम उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अंडर 19 भैयाओं में उत्तर क्षेत्र और बहनों में पश्चिम उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों का गौरव बढ़ाया। सभी वर्गों की विजेता टीम अखिल भारतीय स्तर पर रत्ऋ्रत्रक द्वारा आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में सहभागिता करेगी। इस अवसर पर पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह संगठन मंत्री राममनोहर, जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के अभा संयोजक सुहास देशपांडे, नर्मदापुरम के विभाग समन्वयक रामकुमार व्यास, विद्यालय समिति के अध्यक्ष जगदीश टांक, सह.सचिव संदीप केकरे, समिति सदस्य अंकुर अग्रवाल, शुभम सोमानी, पूर्व छात्र संदीप पटेल विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार शर्मा और स्टाफ उपस्थित रहा।*

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहटगांव राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में हुआ चयनित

### जिले के 23 अस्पताल हो चुके हैं चयनित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव**

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहटगांव राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के तहत चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले के कुल 23 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत चयनित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि इसके पूर्व एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिमरनी एवं 21 उपस्वास्थ्य केन्द्र कांकरिया, करताना, पिपल्या खुदिया, खामापड़वा बालागांव, कनारदा, नजरपुरा, मनियाखेड़ी, जटपुरा, मांदला, पड़वा, भगवानपुरा, मुहालकला, महेंद्रगांव, बम्हनगांव, टेमागांव, चौकड़ी, खमगांव, बैड़ी, कमताड़ा तथा पलासनेर स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के तहत चयनित हो चुके हैं।

### सिविल सर्जन के पद से मनीष शर्मा को हटाया, विनोद को मिला प्रभार

**हरदा।** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के पद से डॉ मनीष शर्मा को हटाकर उनकी जगह डॉक्टर विनोद कुमार भार्गव को आगामी आदेश तक सिविल सर्जन का प्रभार दिया गया है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉक्टर राजू निदारिया के हस्ताक्षर से जारी आदेश में बताया गया कि प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से शासन स्तर से यह आदेश जारी किया गया है। आदेश में यह भी लिखा कि डॉ मनीष शर्मा मेडिकल विशेषज्ञ को सिविल सर्जन के मुख्य प्रभार से मुक्त करते हुए मूल पद मेडिकल विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय हरदा में पदस्थ किया जाता है। मालूम हो कि हरदा की विस्फोट घटना के बाद कलेक्टर हरदा ने सिविल सर्जन को हटाने के लिए वरिष्ठ को पत्र लिखा था और उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इस पत्र में कलेक्टर ने लिखा था कि विस्फोट घटना के बाद कुछ लोगों में नाराजगी थी और जिला अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं थी। इसके बाद डॉक्टर मनीष शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिसका जवाब डॉक्टर मनीष शर्मा द्वारा बिंदुबार दिया गया लेकिन कलेक्टर उससे संतुष्ट नहीं हुए।

### शरद पूर्णिमा महोत्सवः सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर हुआ माणिक्य स्मारक वाचनालय




**खंडवा।** शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में माणिक्य स्मारक वाचनालय द्वारा शुक्रवार रात आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव में नगर के नागरिकों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। नटेश्वर नृत्य संस्था बड़वाह के संजय महाजन और उनकी टीम ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, शिव स्तुति, राजस्थानी हास्य युगल नाटिका, ₹आधा है चंद्रमा रात आधी₹, कृष्ण लीला, ₹घुंघरू की तरह बजता ही रहा हूं मैं₹ और ब्रज की होली शामिल थीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन तनवे और डॉक्टर शिव शंकर गुर्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत अध्यक्ष दिनेश पालीवाल सहित भूपेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र उपाध्याय, जम्बु जैन, राधेश्याम पटेल, मोहन शर्मा, मनीषा पाटिल और सीमा भावसार ने किया। महोत्सव में नगर के कई गणमान्य व्यक्तियों सहित सुरेंद्र सिंह सोलंकी, आशीष चटकेले, देवेन जैन, अरुण सातले, श्रीकांत साकल्ले, त्रिलोक पटेल, रामचंद्र मौर्य, संतोष तिवारी और वासुदेव पंवार ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव भूपेंद्र सिंह चौहान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नटेश्वर नाट्य संस्थान के संचालक संजय महाजन द्वारा किया गया।

### खकनार और आसपास के गांवों में फसलों को अत्यधिक नुकसान हुआ

# आंधी, बारिश से खकनार क्षेत्र के कई गांवों में केला फसल को नुकसान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर**

बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील के कुछ गांवों में शुक्रवार रात अचानक आंधी, बारिश से केला फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। शनिवार सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो केला फसल औंधी पड़ी मिली। इससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। खकनार तहसीलदार प्रवीण ओहरिया के अनुसार खकनार, निमंदड़, मोहनगढ़, सावली सहित इस बेल्ट के अन्य कुछ गांवों में केला फसल को नुकसान पहुंचा है। आज ही सर्वे के लिए टीम मौके पर भेज दी जाएगी।

जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। देर रात अचानक बारिश भी हुई, लेकिन खकनार क्षेत्र में तेज हवा, आंधी, बारिश के कारण केला फसल जमींदोज हो गई। बताया जा रहा है कि खकनार बेल्ट के करीब 10 से अधिक गांवों में यह नुकसानी हो सकती है। आज ही इसक सर्वे शुरू करा दिया जाएगा। अफसरों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने की बात कही है। जिले में देर रात करीब आधे घंटे हल्की बारिश हुई है। नेपानगर, बुरहानपुर, निंबोला सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में रात करीब 10.30 बजे से 11 बजे तक हल्की बारिश हुई जबकि खकनार क्षेत्र में तेज आंधी, बारिश के कारण केला फसल को नुकसान हुआ है।



#### विधायक ने अफसरों, आरआई, पटवारी की टीम के साथ किया खेतों का भ्रमण

शुक्रवार रात को नेपानगर विधानसभा की खकनार तहसील में आंधी तूफान ओलावृष्टि और असमय बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का शनिवार को नेपानगर विधायक मंजू दादू ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को आंधी तूफान से विधानसभा क्षेत्र के खकनार और आसपास के गांवों में फसलों को अत्यधिक नुकसान हुआ हैं। शनिवार को विधायक मंजू दादु ने प्रशासनिक अमले के साथ ग्राम शेखापुर, रगई, निमंदड, मोहनगढ़ में खेतों में जाकर प्रभावित हुई फसलों का जायजा लिया। उन्होंने जिला कलेक्टर भव्या मित्तल सहित अन्य विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। पत्राचार के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भी अवगत कराकर अधिक से अधिक मुआवजे की मांग की है। विधायक मंजू दादु ने किसानों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की सरकार है। संकट की इस घड़ी में सरकार आपके साथ है। जिले में दलों का गठन कर नुकसान का सर्वे किया जाएगा। किसानों के हुए नुकसान का उचित मुआवजा मिले इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान तहसीलदार प्रवीण ओहरिया, पटवारी, उद्यानिकी अधिकारी, भाजपा महामंत्री राहुल जाधव, चेतन सातरकर सहित स्थानीय किसान मौजूद रहे।

### छात्रों ने अंचल को गौरान्वित किया

## संभागीय स्पर्धा का हुआ आयोजन दो छात्रों को मिली सफलता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या**




अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग संभाग इंदौर द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय एकलव्य आदर्श विद्यालय के दो छात्रों ने पृथक पृथक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इनमें 'लक्ष्य निर्धारण का महत्व' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता (जूनियर) में छात्र गौतम जमरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि वाद विवाद प्रतियोगिता (सीनियर) में छात्र सचिन जाधव के तर्क अकाट्य थे। जिसका विषय 'एक राष्ट्र एक चुनाव भारतीय अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को मजबूत करेगा' था। इसके विपक्ष में छात्र जाधव के तर्कों से निर्णायक मंडल के सदस्य अत्यधिक प्रभावित थे। फलस्वरूप उन्होंने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर उक्त संस्था और इस अंचल को गौरान्वित किया। शिक्षकों में कैलाश बिश्नोई, श्वेता और डॉ अनिल पंचोली ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्या रेखा रानी चौहान ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।